23/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आज आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लोग नई तकनीकों को अपनाने और आजमाने में किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि एआई एक्शन समिट के लिए हाल ही में पेरिस की उनकी यात्रा के दौरान दुनिया ने इस क्षेत्र में भारत की प्रगति की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि युवाओं की बढ़ती भागीदारी विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांतियों को जन्म दे रही है, चाहे वह अंतरिक्ष हो या एआई।

Byte by PM

उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के 100वें रॉकेट का प्रक्षेपण देखा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी संतोष व्यक्त किया कि अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने श्रोताओं से 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' मनाने और किसी शोध प्रयोगशाला, तारामंडल या अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि महिला दिवस पर, वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक दिन के लिए देश की विभिन्न क्षेत्रों की कुछ चुनिंदा प्रेरक महिलाओं को सौंप देंगे। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक फिट और स्वस्थ राष्ट्र बनने के लिए मोटापे की समस्या से निपटना होगा।

श्री मोदी ने कहा कि वह दस लोगों को अपने भोजन में तेल का सेवन 10 प्रतिशत कम करने की चुनौती देंगे और उनसे यही चुनौती दस अन्य लोगों को देने का आग्रह करेंगे। अपने समापन भाषण में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा योद्धाओं को उनकी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री सह बिजली एवं जल विद्‌युत प्रभारी मंत्री चाउना मैन ने राज्य के लघु विद्‌युत प्रोजेक्ट डेवलपर्स के साथ कल अपने सचिवालय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा की राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्‌वारा परिकल्पित 'इंडियास नेट जिरो गोल सहित आत्मनिर्भर अरुणाचल के लक्ष्यों के अनुरुप लघु जल विद्‌युत परियोजनाओं को विकसित करने में इच्छुक है। श्री मैन ने डेवलपर्स को चुनौतियों से निपटने और स्थानीय मुद्दों को स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर सुलझाने में पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। संबद्ध विभाग के आयुक्त सोनाम चोमबे ने बताया कि चालू पैतीस लघु जलविद्‌युत परियोजनाओं में संचयी आवंटित क्षमता पांच सौ सत्तर दशमलव सात पांच मेघा वॉट है। जिसमें राज्य सरकार पर सात हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी और सात हजार पांच सौ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का सुजन होगा। परियोजना के संपन्न और चालू होने के बाद अट्ठावन दशमलव दो पांच करोड़ रुपए प्रति वर्ष की दर से मुफ्त बिजली के रुप में राजस्व अर्जित करेगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने दो पावर डेपलपर को समय सीमा पर परियोजनाओं को चालू करने के लिए सम्मानित किया।

0000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी डी सोना ने कहा कि राज्य के एकमात्र राज्यीक विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के ढांचागत विस्तार और इष्टतम मानव संसाधन विकास में राज्य सरकार पूरा समर्थन देगा। पासीघाट के हिल टोप में कल तीन दिवसीय अरुणाचल विश्वविद्यालय उत्सव दो हजार पच्चीस के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए श्री मैन ने यह बात कही। श्री सोना ने इस अवसर पर कहा कि APU ने उन छात्रों के लिए जो अपने ही राज्य में उच्च शिक्षा पाना चाहते है उनके लिए नया द्वार खोला है। इस अवसर पर उपस्थित समुह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा, विश्व, देश और समाज को आकार देने में एक महत्वपूर्ण हथियार है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ समयबद्ध तरीके से शिक्षा क्षेत्र का सुधार और परिवर्तन करने के लिए राज्य सरकार एक मास्टर प्लान ला रहा है। श्री सोना ने कहा कि भावी पीढ़ी को उच्च शिक्षा में उत्कृष्ठ करने के लिए तैयार करना केवल प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर समग्र मूल्य आधारित मजबूत और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देकर ही संभव है।

0000000000000000000000

तवांग स्थित पी एम श्री स्कूल जे एन वी तवांग में आज पोसको अधिनियम, साईबर सुरक्षा और बचाव, आत्मरक्षा पर एक जागरुकता सत्र चलाया गया। सत्र का उद्देश्य छात्रों की कल्याण और सुरक्षा है। इस सत्र को तवांग पुलिस स्टेशन के अधिकारी प्रभारी एन आंगू सहित उनकी समर्पित दल ने आयोजित किया था। इस सत्र में छात्रों और शिक्षको ने उत्साहपूर्ण ढंग से भाग लिया।

वहीं छात्रों ने इस अभियान के बाद ऑनलाईन और ऑफलाईन के संभावित सुरक्षा खतरों को आत्मविश्वास के साथ सामना और निपटने की बात कही।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, वेस्ट सियांग, सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिवांग वैली, दिवांग वैली, लोहित, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिलों में अगले चौबीस घंटों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ क्षेत्रों में बारिश और तुफान की आशंका जताई है और अधिक उंचाई वाले कुछ स्थानों में बर्फ पड़ने का अनुमान लगाया है।

0000000000000000000

अपर सियांग जिले के गोबुक गांव में कल "मिशन पिंक गोबुक" के बैनर तले चेरी ब्लॉसम के पौधे लगाने का अभियान चलाया गया। गोबुक गांव में पांच हजार से अधिक चेरी ब्लॉसम के पौधे लगाए गए, जिन्हें स्थानीय तौर पर डिकॉन्ग आप्पुन के नाम से जाना जाता है। इस अभियान में लोगों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

000000000000000000

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में आज दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में ग्रुप ए के एक बेहद अहम मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 242 रनों का लक्ष्य रखा।

000000000000000000